# हरियाणा विधान सभा

**(20 मार्च, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

## 20 मार्च, 2023

----

**कुल प्रश्न - 12**

----

### मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना का ब्यौरा

102 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) अंत्योदय मेलों पर खर्च की गई राशि कितनी है;

(ग) योजना के विज्ञापनों पर कितनी राशि खर्च की गई;

(घ) उन लाभार्थियों की संख्या कितनी है जिनकी आय एक लाख अस्सी हजार रूपये वार्षिक से बढ़ी है; तथा

(ड) उन लाभान्वितों की संख्या कितनी है जो ई.एम.आईज. अदा करने से चूक गए हैं ?

----

### विभिन्न कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य

103 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2017 तथा वर्ष 2023 में हरियाणा राज्य में विभिन्न कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्या है तथा कितनी मात्रा में खरीद की गई ?

----

## विकास का वज्र मॉडल

104 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में "विकास का वज्र मॉडल" पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उसके परिणाम क्या हैं ?

----

## एच आर डी एफ से संबंधित ब्यौरा

105 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) 31 जनवरी, 2023 तक हरियाणा ग्रामीण विकास निधि की उपलब्ध राशि कितनी है;
(ख) गत 5 वर्षों में निधि पर वर्षवार अर्जित ब्याज कितना है; तथा
(ग) गत पांच वर्षों के दौरान निधि से कम खर्च किये जाने के कारण क्या हैं?

----

## लंबित ई.डी.सी. तथा आई.डी.सी. का ब्यौरा

106 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) जिला गुरूग्राम में ई.डी.सी. (बाह्य विकास प्रभारों) तथा आई.डी.सी. (आन्तरिक विकास प्रभारों) की कितनी राशि लम्बित है जो निजी बिल्डरों से सरकार द्वारा अब तक प्राप्त नहीं की गई है तथा निजी बिल्डरों/संस्थाओं के नाम क्या हैं;
(ख) उपरोक्त ई.डी.सी. (बाह्य विकास प्रभारों) तथा आई.डी.सी. (आन्तरिक विकास प्रभारों) की लंबित राशि वसूलने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; तथा
(ग) जिला गुरूग्राम में उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां ई.डी.सी. (बाह्य विकास प्रभारों) तथा आई.डी.सी. (आन्तरिक विकास प्रभारों) के भुगतान के बावजूद सीवेज, सड़क तथा पानी के विकास कार्य लंबित पडे हैं ?

----

## मलिन बस्तियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना

107 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) गुरुग्राम तथा बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में अधिसूचित की गई तथा चिन्हित की गई मलिन बस्तियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार द्वारा मलिन बस्तियों में किन्हीं जन सुविधाओं के विकास के लिए कोई

निधि आबंटित की गई है;
(ग) क्या गुरूग्राम तथा बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की मलिन बस्तियों में कोई विकासात्मक या सुविधाओं से संबंधित परियोजनाएं आरम्भ की गई हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में मलिन बस्तियों के संबंध में सर्वेक्षण कराया है या किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ड) क्या गुरूग्राम महानगर की मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई ठोस पग उठाए जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां,तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## अपशिष्ट प्लास्टिक सामग्री से सड़कों का निर्माण

108 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) क्या राज्य में अपशिष्ट प्लास्टिक तथा अन्य प्रकार की अपशिष्ट सामग्री से सड़कों के निर्माण से संबंधित कोई नीति/दिशा निर्देश सरकार द्वारा जारी किये गए हैं;
(ख) क्या सड़कों के निर्माण में अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग के लिए हरियाणा सरकार द्वारा कोई अध्ययन करवाया गया है; यदि हां, तो कृपया एक प्रति उपलब्ध करवाएं;
(ग) हरियाणा में अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग से बनी सड़कों का ब्यौरा क्या है तथा उपयोग किए गए प्लास्टिक का स्त्रोत क्या है; तथा
(घ) अपशिष्ट प्लास्टिक के साथ सड़कों के निर्माण को बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की वर्तमान स्थिति

109 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) किसी क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की अर्हता प्राप्त करने के मानदंड क्या हैं ;
(ख) बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र तथा जिला गुरूग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला गुरूग्राम में इन केन्द्रों में चिकित्सकों/नर्सों सहित उपलब्ध मूलभूत अवसरंचनाओं एवं चिकित्सा सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र तथा गुरूग्राम जिले में उक्त केन्द्रों के आवश्यक दर्जा बढ़ाने या चिकित्सा या अवसरंचनाओं की सुविधाओं की कमी से संबंधित कोई शिकायत/प्रार्थना है;

(ड) हरियाणा राज्य तथा गुरूग्राम शहर में आई एस ओ प्रमाणित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की वर्तमान संख्या का ब्यौरा क्या है; तथा
(च) राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए/उठाए जा रहे हैं ?

----

## रास्ते का निर्माण कार्य

110 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे-
(क) क्या यह तथ्य है कि सोहना रोड़ खेडी कॉलोनी से सुखी नहर के ऊपर से होकर नेकपुर/गांव पाली को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता जो बहुत बुरी अवस्था में है, जिसके कारण बारिश के दौरान कई दिनों तक रास्तों पर पानी भरा रहता है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रास्ते का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सड़क का निर्माण करना

111 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत पड़ने वाले बल्लभगढ़ से मोहना सड़क की लम्बाई कितनी है;
(ख) क्या उक्त सड़क चलने योग्य स्थिति में है; तथा
(ग) यदि नहीं, तो उक्त सड़क को कब तक चलने योग्य बनाए जाने की संभावना है?

----

## एकत्रित पानी की निकासी करना

112 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) क्या यह तथ्य है कि बल्लभगढ-सोहना रोड (जो कि एक टोल रोड है) पर सुखी नहर से पाली गांव तथा पाली गांव से भांकड़ी तक गुरूग्राम जाने वाले रास्ते पर पानी एकत्रित होता है तथा सड़क भी चलने योग्य नहीं है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क को कब तक चलने योग्य बनाए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त सड़क पर एकत्रित पानी की समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है?

----

## शराब घोटाले की जांच

113 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में शराब घोटाले की जांच के लिए सरकार द्वारा विशेष जांच दल का गठन किया गया है; यदि हां, तो उक्त रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या उक्त रिपोर्ट में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरूद्ध सरकार द्वारा कोई कार्रवाई की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**20 मार्च, 2023.** **सचिव**